हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 22 सितंबर 2025

04 शहर में जगह-जगह सजे मां दुर्गा पंडाल...



07 श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉम्प्लेक्स में बने शौचालय...





## खबर संक्षेप

### गायत्री परिवार ने किया 126 शिक्षकों का सम्मान

**नर्मदापुरम।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार (शाखा नर्मदापुरम) द्वारा राष्ट्र की भावी पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक, नैतिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने के लिए आपके भागीरथी प्रयासों तथा विचार क्रांति अभियान को सफल बनाने में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान प्रदान करने वाले जिले के लगभग 126 विभिन्न संस्थाओं की शिक्षक शिक्षिकाओं को भारतीय संस्कृति दूत गौरव सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

### केसला में 2773 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**नर्मदापुरम।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को केसला विकास खंड के 7 जन शिक्षा केंद्रों में परीक्षा संचालित की गई। जिसमें 1267 पुरुष एवं 1506 महिला कुल 2773 परीक्षार्थीयों ने परीक्षा दी। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहा। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन की मॉनीटरिंग बी आर सी रत्ना सोनिया, बी ए सी गणेश धुर्वे, विकास खंड केसला साक्षरता सह समन्वयक सुषमा मौर्य ने सामजिक चेतना केंद्र कीरतपुर, गोमतीपुरा एवं धांसई पहुंच कर मॉनीटरिंग की, परीक्षाएं सुव्यवस्थित संचालित हुई।

### शिवा मेषकर बने समाज के नगर अध्यक्ष

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के युवा समाजसेवी रक्तदान, गौ सेवा एवं अनेक सामाजिक कार्यों में निस्वार्थ भाव से समाज के लिए कार्य करने वाले समाजसेवी शिवा मेषकर को कुचबंदिया समाज नर्मदापुरम का नगर अध्यक्ष बनाया गया है। नगर अध्यक्ष बनने पर मेषकर ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। और जिम्मेवारी मिलने के बाद उन्होंने कहा कि वह धर्म की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुचबंदिया, जिला अध्यक्ष सुनील कुचबंदिया एवं संगठन के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिवा को ईष्ट मित्रों ने बधाई दी।

### आज से नवरात्र प्रारंभ, मंदिरों के साथ ही घर पर होगी शक्ति की आराधना

# नर्मदा के तट पर तर्पण कर पितरों को दी विदाई, मांगा समृद्धि का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को जिले में पितृमोक्ष अमावस्या श्रद्धाभाव से मनाई गई इस दौरान श्रृद्धालुओं ने मां नर्मदा के पवित्र जल में स्नान कर अपने पूर्वजों को विदाई दी और उनसे आशीर्वाद लिया। 15 दिनों तक चलने वाले पितृतर्पण आज से समाप्त किये गये। वहीं लोगों ने पिंडदान और पितरों की मोक्ष शांति के लिए दान दक्षिण आदि किये। वहीं रात्रि में भूतड़ी अमावस्या मनाई गई जहां मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम, हरदा, जबलपुर, डिंडौरी समेत कई जिलों के नर्मदा घाटों पर लाखों श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। मात्र स्नान ही नहीं, बल्कि भूतड़ी अमावस्या पर कष्ट दूर करने और आत्माओं की शांति के लिए विशेष पूजा-पाठ और तांत्रिक विधियां भी आयोजित की गईं। इस दौरान सेठानी घाट पर मेला लगा और श्रृद्धालुओं ने पूजन किया।

**नर्मदापुरम सहित जिले भर में पितृमोक्ष अमावस्या मनाई गई। इस दौरान सुबह श्रृद्धालओं ने अपने पितरों का तर्पण कर विदाई दी। घरों में श्राद्ध हुए।**



### नर्मदा तट पर हुआ पितृ तर्पण

रविवारको पितृमोक्ष अमावस्या पर पितरों को तर्पण दिया गया। अल सुबह से दूर-दूर से भक्तों का आना शुरू हो गया था। वहीं अमावस्या के शुभ अवसर लोगों ने नर्मदा स्नान पूजन आदि कार्य संपन्न किये। वहीं घरों में श्राद्ध कार्यक्रम किये गये। इस दौरान घाटों पर पुलिस बल और नपा की टीम सतत रूप से व्यवस्था बनाती रही। वहीं घाटो पर भक्तों की भीड़ लगी रही जो देर रात तक जारी रही।

### शक्ति की भक्ति का पर्व नवरात्र आज से शुरू



पितृमोक्ष अमावस्थ्या के एक दिन आद सोमवार से नवरात्र आरंभ हो होंगे। वहीं पंडालों में दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा मूर्ति स्थापना की जाएंगी। जहां सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन निरंतर 9 दिनों तक चलते रहेंगे। दूसरी ओर देवी की आराधना का एक स्वरूप गरबा नृत्य शहर के अनेक स्थानों पर किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रविवार को दिन भर देवी प्रतिमाओं को समिति के सदस्य ले जाते हुए दिखाई दिये। वहीं मंदिरों और शिवालयों में भी भक्तों की भीड़ जुटेगी जहां सुबह मताएं और बहने जल चढ़ाने पहुंचेगी। 9 दिनों तक चलने वाले नवरात्र पर्व का विश्राम 2 अक्टूबर को दशहरे पर किया होगा।

### पुलिस व्यवस्था मुस्तैद

नर्मदापुरम में पर्वों को लेकर पुलिस व्यवस्था गई है। इस दौरान चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया है वहीं मंदिरों और घाटों के आसपास भी पुलिस बल की तैनाती रहेगी। यातायात विभाग द्वारा चौक चौराहों पर भीड़ एकत्रित न हो इसके लिए वाहनों को खड़े रखने से रोका जा रहा है। वहीं नगर में उपद्रवियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा सख्ती बरत रही ताकि पर्वों का आयोजन शांति और साहार्द रूप से संपन्न किये जा सके।

## रात के अंधेरे में चहल कदमी करते हुए सीसीटीवी में कैद हुआ तेंदुआ

### वन विभाग ने घरों में रहने की दी हिदायत





हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

हिल स्टेशन पचमढ़ी मे पुलिस स्टेशन के करीब रेहवासी क्षेत्र में तेंदुए की आमद से डर का माहौल है। बीती रात करीबन 3:00 बजे सीसीटीवी ने तेंदुए की हरकत को रिकॉर्ड किया।

2 दिन पूर्व इसी क्षेत्र में एक कुत्ते को तेंदुए ने शिकार भी बना लिया था हालांकि कुत्ते ने चतुर्ता पूर्वक कर के नीचे अपने आप को छुपा लिया और तेंदुए से अपनी जान बचाई। जिस क्षेत्र में तेंदुए की मूवमेंट नजर आ रही है वह जंगल से लगा हुआ क्षेत्र है और पचमढ़ी हिल पहाड़ के एकदम पास में भी है। तेंदुए की मूवमेंट को चंचल आयुर्वेद होटल समर हाउस के सीसीटीवी ने रिकॉर्ड किया। एक तस्वीर में आप तेंदुए के पेट को भरा हुआ देखेंगे देखने में ऐसा प्रतीत हो रहा है की रहवासी क्षेत्र के किसी कुत्ते का शिकार इस जानवर ने किया हो।

संजीव शर्मा एडिशनल डायरेक्टर वन विभाग सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पचमढ़ी - तेंदुए की मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग की टीम को गस्ती के लिए मुस्तैद किया गया है।आमतौर पर तेंदुआ कुत्तों और छोटी बकरियों को शिकार बनाते हैं ऐसा देखा गया है कि वह दो से तीन दिन में अपना क्षेत्र भी बदल लेते हैं।मैं क्षेत्र वासियों से गुजारिश करूंगा की रात के समय घरों से बाहर ना निकलें खासकर छोटे बच्चों को घरों में रखें पालतू कुत्तों को भी घर के अंदर बंद रखें। वन विभाग की टीम लगातार रात्रि गस्त में सक्रिय रहेगी।

## अवैध शराब के विक्रय एवं परिवहन के विरुध्द कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई, स्कूटी पर शराब का परिवहन करते आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत रविवार को थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, कि आरोपी एक्सेस स्कूटी क्र. MP-04-YJ-5387 पर अवैध शराब लेकर नमन नर्मदा गार्डन के सामने भोपाल तिराहे की ओर जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने आरोपी मानसिंह उर्फ चिकरू सिकलीकर पिता राम सिंह, निवासी ओवरब्रिज के नीचे, बंगाली कॉलोनी, नर्मदापुरम को रोककर स्कूटी की तलाशी ली। तलाशी में पुलिस ने देसी मदिरा प्लेन शराब की पाँच पेटियाँ, प्रत्येक पेटी में 50 क्वार्टर कुल 45 लीटर और पावर बियर 10000 ब्रांड की एक पेटी, जिसमें 24 कैन कुल 12 लीटर इस प्रकार कुल 57 लीटर अवैध शराब जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 18,000 रुपये। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त की गई स्कूटी भी जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 761/25 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिय।



## नर्मदांचल में हो रही बारिश से फिर खुला 3 फीट तक तवा का 1 गेट, छोड़ा जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इटारसी के पास स्थित तवा डैम का एक गेट आज दोपहर 1:45 बजे फिर से खोल दिया गया है। बांध में पानी के स्तर को नियंत्रित करने के लिए इस गेट को 3 फीट की ऊंचाई तक खोला गया है, जिससे लगभग 5 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

24 घंटे में इस क्षेत्र में 13.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। 15 जून से अब तक कुल 52 इंच बारिश हो चुकी है, जो पिछले साल हुई बारिश (42 इंच) से काफी अधिक है। इसके बावजूद बांध का जलस्तर उसकी पूर्ण भराव क्षमता से ऊपर बना हुआ है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी वर्तमान में बांध में पानी की आवक औसतन 240 क्यूमेक है, जबकि बिजली उत्पादन से 104 क्यूसेक और गेट से 151 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इस तरह, नदी में कुल बहाव 255 क्यूसेक बना हुआ है। बांध की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

## चित्रगुप्त घाट पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्ति ने चलाया स्वच्छता का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के चित्रगुप्त घाट पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान घाट पर साफ सफाई की गई कचरा एकत्रित का डस्टबिन में डाला गया। समाज के लोगों ने कहा कि घाट की सफाई हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश दुबे ने कहा कि समाज कि यह अनुकरणीय पहल है ।



मैं अपने आप को बहुत सौभाग्यशाली समझता हूं इस स्वच्छता अभियान में शामिल हुआ। श्री दुबे ने सभी नागरिकों से अपील की है कि समाज द्वारा अभियान स्वच्छता चला जा रहा है इससे अन्य समाज को भी आगे आना चाहिए और मां नर्मदा कि इस स्वच्छता अभियान में शामिल होना चाहिए। वहीं सेवानिवृत्ति अधिकारी विजय वर्मा ने कहा कि यह अच्छी पहल है सभी समाज को इसमें आगे आना चाहिए। हमारी जीवन दायिनी है मां नर्मदा इसका ध्यान रखना चाहिए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, केशव देव वर्मा, विजय वर्मा, अभय अशोक वर्मा मनोज वर्मा, सीबी खरे, लालता प्रसाद आदित्य, जिला अध्यक्ष ज्योति वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, सुमन वर्मा, प्रीति खरे अनीता वर्मा, रश्मि सक्सेना, अदिति वर्मा, जानकी, अभिलाषा सहित अन्य लोग मौजूद थे। मातृशक्ति ने घाट पर साफ-सफाई की और कचरा एकत्र किया।

समाज की मातृशक्ति ने घाट पर साफ-सफाई के बाद आसरा वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को फल आदि वितरित किए और उनका आशीर्वाद लिया।

## नर्मदा के तट पर युवाओं ने चलाया स्वच्छता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

युवाओं द्वारा माँ नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान का 270वाँ सप्ताह निरंतर सेवा भावना के साथ संपन्न हुआ। समिति के सदस्यों ने माँ नर्मदा के पावन तट परमहंस घाट पर पहुँचकर स्वच्छता अभियान चलाया तथा श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने संकल्प लिया कि माँ नर्मदा घाटों को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए अभियान को और गति प्रदान की जाएगी।इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय सहित समिति के विवेक वर्मा, रमेश उपरारिया आदि शामिल रहे।



## वाहनों में ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग, फर्स्टएड किट जैसी खामियों पर होगी सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले भर में सड़क सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा परिवहन नियमों एवं इससे जुड़े कराधान अधिनियम/नियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से 22 सितम्बर 2025 से 05 अक्टूबर की अवधि में एक विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत संपूर्ण जिले में यातायात नियमों के अनुसार सघन जांच एवं कार्यवाही की जाएगी।

आरटीओ रिंकू शर्मा ने बताया कि परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान जिले में विशेष रूप से बिना वैध बीमा, फिटनेस के वाहन संचालन करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार पीयूसीसी, वीएलटीडी, एसएलडी, अग्निशमन सिस्टम न होने वाले वाहन पर भी चालान कर उनसे दंड वसूला जाएगा। अभियान अवधि में वाहनों में फर्स्ट एड किट उपलब्ध न होने, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप न लगे होने पर भी चालकों को कार्यवाही का सामना पड़ेगा। साथ ही बिना परमिट परमिट वाले वाहन, ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग, ओवर पैसेंजर वाहन, बकाया कर वाले वाहन आदि के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। साथ ही स्कूल बसों की जांच एवं उनके दस्तावेजों की वैधता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वहीं 22 सितम्बर को बिना वैध बीमा, फिटनेस,, अग्निशमन सिस्टम, एवं रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप न होने वाले वाहनों पर कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान 23 सितम्बर को बिना परमिट परमिट के संचालन करने वाले वाहनों पर विशेष कार्यवाही की जाएगी, 24 सितम्बर को बकाया कर वाले वाहनों पर कार्यवाही। 25 सितम्बर को ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग एवं ओवर पैसेंजर वाहनों पर कार्यवाही एवं 26 सितम्बर को स्कूल बसों की चैकिंग की जाएगी तथा यह अभियान चक्रवार 5 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

## विवेकानंद घाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विवेकानंद घाट पर रविवार को स्वच्छता अभियान का शुभारंभ रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अरुण शर्मा तथा कार्यक्रम प्रभारी डी एस डांगी, अर्पित मालवीय के नेतृत्व में समस्त रेड क्रॉस के सदस्य के साथ किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम बबीता राठौर ने स्वयं घाट पर उपस्थित होकर सफाई अभियान में भाग लिया तथा रेड क्रॉस के सदस्य डॉ अतुल सेठा, डॉ महेश्वरी, गौरव सेठ, विपिन जैन, शेरसिंह बड़कुर व समाजसेवी गण के एस राजपूत, सुभाष बरेले, रमेश उपरिया, आर के चौधरी, चंद्रशेखर शर्मा, डी के दीक्षित, विवेक वर्मा, रमेश उपरारिया, सागर पटेल, सूरज वर्मा, विशाल बावरिया, प्रीतम चक्रवर्ती, गणेश यादव, संजू प्रजापति सहित स्वयंसेवकों ने साथ मिलकर घाट की साफ-सफाई की। उन्होंने दुकानदारों एवं स्थानीय नागरिकों से अपील की कि स्वच्छता को आदत बनायें।

### जिले में जारी है स्वच्छता ही सेवा अभियान, किया जा रहा जागरूक

## राज्य आजीविका मिशन की महिलाओं की वार्षिक साधारण सभा की बैठक संपन्न, महिलाओं ने ली स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सोजान सिंह रावत के नेतृत्व में जिले में स्वच्छंता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन स्वच्छता की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान में जन प्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित हो इसके लिये जिले के सभी जन प्रतिनिधियों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये आमंत्रित किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में नर्मदापुरम जपं के अध्यक्ष भूपेन्द्रे चौकसे, जनपद सदस्य मोहन गुबरेले जिला पंचायत से जिला समन्वयक प्रीति बरकड़े, की उपस्थित में स्वच्छता संवाद किया गया एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। गत शुक्रवार को जनपद पंचायत नर्मदापुरम के सभागृह में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित आदर्श महिला शक्ति संकुल स्तरीय संघ की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया था। महिला शक्ति संघ की लेखपाल सरिता बरेले द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में किए गए आय व्यय संबंधी दस्तावेजों को प्रस्तुत किया गया एवं वैधानिक ऑडिट रिपोर्ट को पढ़कर सुनाया गया महिला शक्ति सीएलएफ की अध्यक्ष दमयंती वर्मा के द्वारा संगठन द्वारा किए जाने वाले कार्यों एवं उसकी विस्तृत कार्य योजना पर प्रकाश डाला गया, साथ ही सीआरपीयों द्वारा अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। साधारण सभा में जिला पंचायत से किशोर सिलधरिया जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त के द्वारा उपस्थित महिलाओं को बैंक लेनदेन संबंधी एवं समय पर ऋण वापसी एवं शासन की विभिन्न बीमा योजना व वित्तीय साक्षरता संबंधी जानकारी दी तथा सुरेखा इसकप्पे जिला प्रबंधक मूल्यांकन व अनुश्रवण के द्वारा लोक ओएस पोर्टल संबंधी जानकारी दी गई।



## चिल्लई ग्राम में जपं सुखियाबाई के नेतृत्व में हुआ श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनपद पंचायत में स्वचछ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान में निरंतर ग्राम पंचायतों में गतिविधियां की जा रही है। ब्लाक समन्वयक रामकुमार गौर ने बताया कि प्रतिदिन ग्राम पंचायतों में सफाई का कार्य चल रहा है इसी के साथ जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की भागीदारी से श्रमदान का कार्य भी किया जा रहा है जिससे कि ग्रामीणों में स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूकता आये। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत चिल्लई में जनपद सदस्य सुखियाबाई के नेतृत्व में चिल्लई ग्राम में ग्रामीणों के साथ मिलकर श्रमदान किया गया एवं गांव की सफाई की गई श्रमदान के बाद सभी ने स्वच्दता की शपथ ली। कार्यक्रम में सुखिया बाई जनपद सदस्य, शाला प्रधान पाठक अनिल बस्तवार, आगनवाड़ी कार्यकर्ता संध्या मीना, सहायिका किरण पटेल, ग्राम के युवा साथी सहित अन्य शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### डिप्रेशन से जूझ रहे थे किसान ने किया सुसाइड

**बैतूल।** मुलताई थाना इलाके के मुड़ापार गांव निवासी 55 वर्षीय रेशम लाल की आज तडक़े बैतूल के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उस ने शनिवार शाम जहरीला पदार्थ (चूहा मार) खा लिया था। रविवार सुबह उसकी मौत की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस ने पीएम करवाया है। जानकारी के अनुसार, उसकी पत्नी की तीन माह पहले बीमारी से मृत्यु हो चुकी थी। पत्नी की मौत के बाद वह डिप्रेशन में रहने लगा था और अक्सर अकेलेपन की बात करता था। परिवार के मुताबिक शनिवार शाम जब घर पर कोई नहीं था। उसने शराब के नशे में जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे निजी वाहन से संजीवनी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां रात में उसका इलाज किया गया। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जांच अधिकारी तरुण साहू ने बताया कि मर्ग डायरी मुलताई पुलिस को भेजी जा रही है। अस्पताल में पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### गायत्री परिवार ने किया स्वाधीनता संग्राम सेनानियों का तर्पण



**बैतूल।** खेड़ली बाजार स्थित बेल नदी घाट पर पितृ पक्ष के पर्व के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में तर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सामूहिक तर्पण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और मंत्रोच्चारण के साथ अपने पूर्वजों, दिवंगत प्रमुख व्यक्तियों तथा देश के स्वाधीनता संग्राम सेनानियों का तर्पण किया। गायत्री परिवार के साधकों ने बताया कि पितृपक्ष में तर्पण करना अति आवश्यक माना गया है। तर्पण करने से पूर्वजों की आत्मा की शांति होती है और पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। श्राद्ध का मुख्य उद्देश्य दिवंगत आत्माओं की तृप्ति के लिए तर्पण करना है। इसी भावना से श्रद्धालुओं ने बेल नदी घाट पर एकत्र होकर अपने पूर्वजों के साथ-साथ शहीद सेनानियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवार के सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच तर्पण विधि संपन्न कराई और श्रद्धालुओं को पितृ पक्ष का महत्व समझाते हुए बताया कि यह पर्व हमें पूर्वजों की स्मृति और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है।

### अवैध होर्डिंग और सामग्री हटाने का अभियान

**बैतूल।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार रविवार को नगर पालिका, पुलिस और राजस्व अमले की संयुक्त टीम ने नगर के मुख्य मार्ग पर अवैध होर्डिंग हटाने की कार्रवाई की। यह अभियान सदर शासकीय आईटीआई से गेंदा चौक तक चलाया गया। कार्यवाही के दौरान एसडीएम श्री अभिजीत सिंह भी मौके पर मौजूद रहे और पूरे अभियान की निगरानी की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश मत्सानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान दुकानों के सामने लगे अवैध फ्लेक्स, सूचना बोर्ड और अन्य सामग्री को जेसीबी की सहायता से हटाया गया। इस दौरान दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि सडक़ तक अतिक्रमण कर व्यापार न करें।

### स्व. देवीप्रसाद व्यास की श्रद्धांजलि सभा आज

**बैतूल।** वर्तमान में चंद्रशेखर वार्ड सदर निवासी शिक्षा विभाग में प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुए पं. देवीप्रसादजी व्यास का गत 10 सितंबर 25 को देवलोकगमन हो गया था। जिनकी त्रयोदशाकर्म, गंगापूजन, पगड़ी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम कल 22 सितंबर सोमवार को प्रातः 11.30 बजे से देवाशीष गार्डन, भीलाखेड़ी डोलरिया रोड मेहरागांव इटारसी जिला नर्मदापुरम में रखा गया है। स्व. देवीप्रसाद व्यास के भाइयों, सुपुत्रो सहित अन्य परिजनों ने सभी इष्टजनों एवं परिवारजनों से श्रद्धांजलि सभा में आकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करने आग्रह किया है।

## नौ दिनों तक होगी मां की विशेष पूजा-अर्चना, मंदिरों में लगेगा भक्तों के तांता

# शहर में जगह-जगह सजे मां दुर्गा पंडाल, आज विराजेंगी मां जगदंबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शारदीय नवरात्र का पावन पर्व आज 22 सितंबर से प्रारंभ हो जायेगा और मां दुर्गा के जयघोष के साथ पूरे शहर में नवरात्रि की भव्य धूम मच जाएगी। शहर में जगह-जगह दुर्गा पंडालों की सजावट को रविवार श्रद्धालुओं ने अंतिम रूप दिया, जहां पर माता जगदंबा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी, जहां श्रद्धालु नवरात्रि नौ दिनों तक आराधना और भजन-कीर्तन करेंगे। इसके साथ श्रद्धालुओं के द्वारा पंडालों में गरबा, डांडिया के साथ जगराता किया जाएगा। गौरतलब है कि नवरात्र पर्व को लेकर एक-दो दिन पहले से ही बाजार सहित प्रमुख मार्गों और चौराहों पर धार्मिक माहौल दिखने लगा है। शहर के कोठीबाजार, टिकारी, गंज क्षेत्र सहित अन्य कॉलोनियों में श्रद्धालुओं द्वारा दुर्गा पंडाल सजाया जा रहा है। मौसम के मिजाज को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं ने दुर्गा पंडालों को वाटरप्रूफ बनाया है, ताकि नवरात्र महोत्सव के दौरान होने वाली बारिश से किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

### चौकस रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

नवरात्र के चलते शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला प्रशासन द्वारा नवरात्र पर्व के दौरान शहर में सजने वाले दुर्गा पंडालों, मंडलों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इधर प्रशासन ने शहर के लोगों से आह्वान किया है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें, संदिग्ध वस्तुओं और गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें और परिवार के साथ ही मंदिर या पंडाल में आएं। पंडालों को निर्देशित किया है कि अग्नि से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए फायर एक्सटिंग्विशर एवं पानी का ड्रम आवश्यक रूप से रखें। वहीं बड़े दुर्गा पंडालों, जागरण कार्यक्रमों, गरबा स्थलों पर



सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जाए। प्रसाद वितरण की व्यवस्था ऐसी रहे कि जिससे किसी प्रकार की आमजनों को असुविधा न हो।

### हाथी पर सवार होकर आएंगी माता

पंडितों के अनुसार इस वर्ष शारदीय नवरात्र की शुरुआत 22 सितंबर सोमवार से हो रही है। मां दुर्गा को समर्पित यह पर्व 1 अक्टूबर दिन बुधवार तक चलेगा। वहीं 2 अक्टूबर को विजयदशमी यानी दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि नवरात्र सोमवार को शुरू होने के कारण माता का वाहन हाथी होता है। हाथी पर सवार होकर माता का आगमन हो रहा है। वहीं माता रानी का प्रस्थान मनुष्य के कंधे पर होगा। वैसे रविवार से ही मातारानी की प्रतिमाओं को पंडालों तक ले जाने का सिलसिला शुरू हो गया था। जहां आज शुभ मुहूर्त पर मातारानी की विधिविधान से पूजा-अर्चना की जायेगी।

### घट स्थापना का शुभ मुहूर्त

पंडितों के अनुसार वैदिक पंचांग के अनुसार सोमवार को दो शुभ मुहूर्त हैं। सुबह 6.9 बजे से 8.6 बजे तक है। दूसरा मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त में 11.46 बजे से दोपहर 12.38 बजे तक है। इन दोनों में से किसी भी मुहूर्त घटस्थापना कर सकते हैं। इस दिन सुबह स्नान करने के बाद सूर्य देव को अर्घ्य दें। इसके बाद मंदिर की साफ-सफाई करें। बता दें, कलश स्थापना के लिए घर की उत्तर या उत्तर-पूर्व दिशा को शुभ माना जाता है। कलश में साफ जल भरकर उसमें सिक्का, फूल और अक्षत डालें। इसके बाद कलश पर स्वास्तिक बनाएं और कलावा लपेट दें। लाल चुनरी में नारियल को लपेटकर कलश के ऊपर रख दें। देसी घी का दीपक जलाकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करें। व्रत कथा का पाठ करें। फल और मिठाई का भोग लगाएं।

### बाजार में बिकने आई प्रतिमाएं

नवरात्र के लिए बाजार में रौनक बढ़ गई है। दुकानों पर मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं बिकने लगी हैं। मिट्टी से बनी छोटी-बड़ी मूर्तियां दुकानदार ग्राहकों को उपलब्ध करा रहे हैं। साथ ही चुनरी, माता की सिंगार सामग्री, नारियल, कलश और पूजा सामग्री की भी बिक्री शुरू हो गई है। बाजार में इस बार प्रतिमाओं के दाम पिछले साल की तुलना में थोड़े बढ़े हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद श्रद्धालु माता की प्रतिमा खरीदने में पीछे नहीं हैं। दुकानदारों का कहना है कि नवरात्र पर्व को देखते हुए लोगों में काफी उत्साह है। सुबह से ही महिलाएं और परिवारजन बाजार पहुंचकर प्रतिमाएं और पूजन सामग्री खरीद रहे हैं। दुकानदारों को उम्मीद है कि आज नवरात्रि के प्रथम दिवस प्रतिमाओं और पूजा सामग्री की बिक्री और तेजी से बढ़ेगी।

## आज से नवरात्रि शुरू, मूर्तिकारों ने प्रतिमाओं को दिया अंतिम रूप



**शाहपुर।** आज से प्रारंभ होने वाले नवरात्र पर्व के लिए मूर्तियां तैयार हो गई। जिसमें मां दुर्गा, मां काली और भगवान शंकर की मूर्ति बनकर तैयार हो चुकी है। रविवार मूर्तिकारों ने इन प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया। बता दे कि आज 22 सितंबर से नवरात्रि की शुरू हो जायेगी। इसके साथ ही जगह-जगह माँ दुर्गा की सुंदर और आकर्षक प्रतिमाओं की स्थापना होगी। प्रतिमाओं की स्थापना के लिए सार्वजनिक पंडालों में तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। रविवार को भी माँ दुर्गे की प्रतिमा ले जाने का सिलसिला जारी रहा। शाहपुर के प्रजापति समाज के मूर्तिकारों ने बड़ी ही सुंदर, आकर्षक मूर्तियों को स्वरूप दिया है। लगभग 12 से 15 फीट ऊंची मूर्तियां भी बनाई गई है। इसी समय श्री श्याम भक्त संजय त्रिवेदी ने भक्तों के लिए सुविधा जलपान की निशुल्क की है। जब श्याम भक्त संजय त्रिवेदी से बात हुई, तो उन्होंने बताया कि यह भक्तों की सेवा आज ही से प्रारंभ कर दी गई है। आज रात के 2 बजे तक सेवा की जाएगी और कल सुबह 6:00 बजे से दोपहर 12 तक जलपान चाय की सेवा निशुल्क की जाएगी।

## तालाब में नहाने के दौरान डूबा था मासूम

# दूसरे दिन मिला मासूम का शव



**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम चिखलार में सुरमा खदान तालाब में नहाने गए 10 वर्षीय बालक सागर वरकड़े की डूबने से मौत हो गई। यह घटना शनिवार शाम लगभग 4 बजे की बताई जा रही है। परिजन शनिवार रात भर उसकी तलाश करते रहे, लेकिन शव रविवार सुबह तालाब में मिला। मृतक सागर के पिता सीताराम वरकड़े ने बताया कि वह ग्राम कुटंगा (थाना चिचोली) के रहने वाले है। लेकिन वह पिछले चार सालों से अपने परिवार के साथ चिखलार में रह रहे है। पूरा परिवार मजदूरी करके जीवन यापन कर रहा है। जानकारी के अनुसार, सागर शनिवार को अपने एक दोस्त के साथ तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया, जबकि उसका साथी वहां से चला गया। जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने तलाश शुरू की। ग्रामीणों की मदद से रविवार सुबह करीब 5 बजे तालाब में उसकी तलाश की गई, जहां से सागर का शव बरामद हुआ।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर 75 यूनिट रक्तदान



**भैंसदेही।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस को सेवा एवं समर्पण के रूप में मनाते हुए भैंसदेही नगर मंडल में रविवार को विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के उत्साही युवाओं, कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढक़र भागीदारी करते हुए कुल 75 यूनिट रक्तदान किया। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भैंसदेही नगर में आयोजित रक्तदान शिविर ने सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने के साथ-साथ लोगों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ाना था। रक्तदान शिविर की सफलता पर भाजपा नगर मंडल पदाधिकारियों ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा और समाज हित के संकल्प से प्रेरित होकर यह कार्य किया गया। वरिष्ठ नेताओं ने संदेश दिया कि समाज के हर वर्ग को सेवा के इस पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं ने इसे जीवन का विशेष अनुभव बताया। उपस्थित लोगों ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद की जान बच सकती है। भैंसदेही नगर में आयोजित इस रक्तदान शिविर की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सेवा भाव की संस्कृति मजबूत होती है और स्थानीय स्तर पर भी सकारात्मक परिवर्तन देखने मिलते हैं।

# स्कूटी और साइकिल पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के पीएमश्री शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पाढर में शनिवार को स्कूटी एवं निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को दो स्कूटी प्रदान कर सम्मानित किया गया, वहीं अन्य विद्यार्थियों को निशुल्क 141 साइकिलें वितरित की गई। स्कूटी और साइकिल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य दिनेश मानकर ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता गैलेंद्र राठौर ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार योजनाएं संचालित कर रही हैं। उनका उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि ज्ञान ही सफलता की कुंजी है और यह हमें गुरुजनों से प्राप्त होता है। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष दीनदयाल मालवीय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पाढर मंडल अध्यक्ष नन्दन यादव, जनपद सदस्य सरस्वती इंदु बारसे, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश परते, सरपंच अमित कुमरे, सरपंच मनोज भलावी, चंद्रशेखर राठौर सहित बड़ी संख्या में शाला स्टाफ, पालकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## असामाजिक तत्वों पर रहेगी कड़ी नजर

# शांति समिति की बैठक आयोजित गाइडलाइन का पालन अनिवार्य



**भौंरा।** रविवार को पुलिस चौकी भौंरा में आगामी शारदीय नवरात्रि और दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान होने वाले आयोजन, मूर्तियों की स्थापना, पंडालों की व्यवस्था, जुलूस मार्ग, यातायात नियंत्रण, विद्युत आपूर्ति और विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने शासन द्वारा जारी गाइडलाइन से सभी को अवगत कराते हुए नियमों का पालन करने की अपील की। थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर ने कहा कि पर्वों के दौरान डीजे का साउंड निर्धारित सीमा से अधिक न बजाया जाए। साथ ही धार्मिक आयोजनों में केवल भक्ति गीतों एवं धार्मिक गानों का ही प्रयोग किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अशांति या असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस चौकी प्रभारी नीरज खरे ने कहा कि सभी पंडाल संचालक एवं आयोजन समिति सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें। विद्युत आपूर्ति, अग्नि सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की जिम्मेदारी आयोजकों और प्रशासन दोनों की रहेगी। अधिकारियों ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

# जिला अस्पताल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, भीड़ प्रबंधन के दिए निर्देश

## अस्पताल परिसर में गार्डन डेवलप कार्य में गति लाने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

रविवार को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर यहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अस्पताल में वार्डो के अंदर भीड़ पाए जाने पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया और सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि बिना विजिटर पास के कोई भी व्यक्ति मेडिकल वार्डो में प्रवेश न करें। पास की जांच के लिए अधिकृत व्यक्ति नियुक्त किया जाएं।

उन्होंने विभिन्न वार्ड प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर को भी ताकीद किया कि विजिटर पास होने के उपरांत परिजन प्रवेश करे। ताकि वार्डो में भीड़ की स्थिति न बने तथा मरीजों और चिकित्सकों को भी असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान में स्वच्छता मानक अनुरूप नहीं पाई गई, जिस पर कलेक्टर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के सामने गार्डन डेवलप करने के पूर्व निर्देशों के बावजूद प्रगति दिखाई नहीं देने पर नाराजगी जाहिर की। सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने बताया कि गार्डन डेवलप के निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाएगा।

### दिव्यांग अनीता का तत्काल बनवाया प्रमाण पत्र

कलेक्टर ने अस्पताल में लोगों से आत्मीय चर्चा कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने एकलव्य आवासीय विद्यालय चिचोली की दिव्यांग छात्रा अनीता चौहान ने बताया कि उन्हें परीक्षा में लेखन सहायता के लिए प्रमाण पत्र की आवश्यकता हैं, जिस पर कलेक्टर के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ घोरे ने तत्काल प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर कर छात्रा को दिया। इस दौरान एसडीएम अभिजीत सिंह, सीएमओ सतीश मत्सेनिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहें।

# सत्कर्म ही सच्चा तर्पण, पितृ मोक्ष अमावस्या पर ब्रह्माकुमारीज का आयोजन

**बैतूल।** पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान के भाग्य विधाता भवन में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का विषय सत्कर्म ही सच्चा तर्पण था। इस मौके पर सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने कहा पितरों को प्रसन्न करने का सबसे बड़ा साधन कोई अनुष्ठान नहीं बल्कि हमारे सत्कर्म है जब हम श्रेष्ठ कर्म करते हैं तभी पितरों को सच्ची शांति मिलती हैं।



वही ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने कहा कि सच्चा तर्पण वही है, जब हम अपने जीवन में सच्चाई, ईमानदारी, और निस्वार्थ भाव से कर्म करते हैं। यही हमारे पूर्वजों की प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के दौरान बीके सविता बहन ने पितरों की शांति के लिए विशेष राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया जहां उपस्थित सभी लोगों ने पवित्रता और आत्मिक शांति का गहरा अनुभव किया। इसी अवसर पर संस्थान के युवा प्रभाव द्वारा युवा समिट का आयोजन किया गया जहां ब्रह्माकुमार तरुण भाई ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की यदि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहकर सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प ले तो श्रेष्ठ समाज और स्वर्णिम भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने सभी को नशा मुक्त जीवन जीने और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के शपथ दिलाई।

## लक्ष्य से आगे निकला बैतूल, साक्षरता की राह पर इतिहास रचा

# 49 हजार 370 नवसाक्षरों ने दी उल्लास परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में शिक्षा का नया इतिहास रचते हुए 20 सितम्बर को उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। जिले के सभी 10 विकासखंडों में एक साथ आयोजित इस परीक्षा में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा निर्धारित 56550 के लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 49370 नवसाक्षरों को शामिल कराया गया। यह जानकारी जिला परियोजना समन्वयक भूपेन्द्र सिंह वरकडे ने दी। उन्होंने बताया कि जिले के 1540 सामाजिक चेतना केंद्रों पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक यह परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वे वयस्क शामिल हुए जिन्होंने औपचारिक शिक्षा नहीं पाई या जो यूनेस्को की परिभाषा के अनुसार थोड़ा बहुत पढ़-लिख सकते हैं, लेकिन सही समझ और व्याख्या करने में सक्षम नहीं हैं अथवा जिनके पास कोई वैध शैक्षणिक दस्तावेज नहीं है। सुबह से ही सामाजिक चेतना केन्द्रों पर लोगों का जमावड़ा लगने लगा। परीक्षा स्थल पर पहुंचे नवसाक्षरों का स्वागत तिलक, फूलमालाओं और गुलदस्तों से किया गया। कई केन्द्रों पर टेंट लगाए गए और परिसर में रंगोली सजाई गई। माहौल पूरी तरह उल्लास और उत्साह से भरपूर रहा।

**कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथ. कृषि साख सेवा सहकारी समिति मर्या. भौंरा, (पं.क 170)**

क./सा.सभा/2025-26 दिनांक 10/09/2025

**// वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना //**

समिति की वार्षिक साधारण आमसभा का आयोजन **विजय मंगल भवन** में **दिनांक 25/09/2025** दिन **गुरूवार** को **दोपहर 1.00 बजे** से रखा गया है, जिसमे विषय सूची अनुसार चर्चा रखी गई है। गणपूर्ति के अभाव से स्थगित बैठक उसी दिन, उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात् पुनः प्रारम्भ होगी, जिसमें कोरम पूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी। समिति के सभी कृषक सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

संस्था प्रबंधक : सुनील पंवार प्रशासक : एस. के. बर्थे

### मां दुर्गा स्थापना पर होंगे भव्य आयोजनः

**सीहोर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी पावर हाऊस कॉलोनी स्थित प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर पर माँ दुर्गा स्थापना की जावेगी, आयोजन को भव्यता प्रदान करने हेतु समिति के संरक्षक पूर्व विधायक रमेश सक्सेना के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को एक बैठक आयोजित हुई। सर्व प्रथम हनुमान बब्बा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में श्री सक्सेना ने समिति के पदाधिकारी व सदस्यगणों को संबोधित करते हुए कहा कि इव वर्ष भव्यता के साथ माँ दुर्गा उत्सव मनाया जावेगा एवं सांस्कृतिक आयोजन किये जायेगें। समिति अध्यक्ष विनय सक्सेना (पन्ना) ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 23 सितम्बर 2025 संगीतमय सुन्दरकाण्ड होगा एवं दिनांक 24,25,26 को भव्य गरबा महोत्सव आयोजित किया जावेगा, दिनांक 28 सितम्बर को महाआरती एवं दिनांक 29 सितम्बर को भजन संध्या आयोजित की जावेगी। उक्त आयोजनों में मातृशक्ति एवं धर्मप्रेमीबन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की समिति द्वारा अपील की गई है।

## कर चुके हैं शिकायतें, लेकिन नहीं हो रहा समस्या का समाधान

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी कांप्लेक्स में बने शौचालय की बदबू से परेशान व्यापारी

सोहागपुर नगर परिषद द्वारा बनाए गए श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्यापारिक कांप्लेक्स में लाखों रुपए की बोली लगाकर दुकान लेने वाले व्यापारी नगर परिषद की अव्यवस्था से ही परेशान हैं। क्योंकि कांप्लेक्स में बने सुलभ शौचालय की पर्याप्त सफाई नहीं होती है तथा बदबू के कारण ग्राहक दुकानों तक नहीं आते हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर के मुख्य बाजार में नप के पुराने कार्यालय के समीप श्यामा प्रसाद मुखर्जी कांप्लेक्स है। यह कांप्लेक्स नगर परिषद ने ही बनाया है। जिसमें बनाए गए सुलभ शौचालय के छोटे प्रारूप से आसपास के व्यापारी एवं ग्राहक बहुत परेशान होते हैं। व्यापारियों ने बताया कि दिनभर गंदी बदबू आती है। जिसके कारण दर्जन भर से अधिक दुकानों पर ग्राहक आते ही नहीं हैं। व्यापारी पूर्व में भी इस संबंध में नप अधिकारियों से मांग कर चुके हैं कि सुलभ शौचालय को या तो तोड़ा जाए या इस तरह व्यवस्थित किया जाए की बदबू न फैले। ताकि लाखों रुपए की बोली लगाकर नीलामी में दुकानें लेने वाले व्यापारियों की दुकानों तक ग्राहक पहुंचे। एवं लागत अनुरूप व्यापार संचालित हो सके।

### जन सुनवाई में नहीं हुई सुनवाई

उल्लेखनीय है कि पीड़ित व्यापारी कई बार मंगलवार को होने वाली जन सुनवाई में समस्या को लेकर आवेदन दे चुके हैं। वहीं व्यापारी व्यक्तिगत रूप से भी नप सीएमओ को आवेदन दे चुके हैं, ताकि समस्या का समाधान हो सके। लेकिन व्यापारियों की सुनवाई नहीं हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि वे नप द्वारा नीलाम की गई दुकानों को लाखों रुपए में खरीदकर भी परेशान हैं व अपने आप को असहाय महसूस कर रहे हैं। क्योंकि नगर परिषद ही उनकी सुनवाई नहीं कर रही है।

### सेवा पखवाड़ा से आशा

श्यामा प्रसाद मुखर्जी परिसर में दुकान संचालित करने वाले व्यापारियों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से गांधी जयंती दो अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा समूचे देश में चलाया जा रहा है। व्यापारियों को अपेक्षा है कि इस अवधि में मुख्य बाजार क्षेत्र में समस्या बन चुके बदबूदार सुलभ शौचालय की देखरेख हो, इसकी सफाई हो जाए तथा इसके आसपास पर्याप्त रूप से सुरक्षा दीवार बना दी जाए। ताकि बदबू परिसर की दुकानों तक ना आए। एवं दुकानों पर ग्राहकों की आमद पर जो रोक लगी है वह हट सके। इससे ग्राहक दुकानों तक आ सकेंगे और व्यापार विधिवत संचालित हो सकेगा। दुकानदारों ने नगर परिषद सीएमओ से इस ओरर दृष्टि उठाने की मांग की है।

## दिनभर बाधित होता रहा यातायात, गायब रहे पुलिसकर्मी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

आज से शारदीय नवरात्र पर्व प्रारंभ हो रहे हैं। जिसके लिए रविवार को सोहागपुर से दुर्गा प्रतिमाओं को ले जाने वाले सैकड़ों वाहनों की कतार तथा हजारों भक्तों की भीड़ शहर में रही। इस दौरान दिनभर यातायात बाधित होता रहा। लेकिन बाजार बीट के पुलिसकर्मी चाय व पान के टपों पर समय बिताते देखे गए।

नागरिकों का कहना है कि पुलिस की शांति व यातायात सुधार की ज़म्मिेदारी मात्र शांति समिति की बैठक तक सीमित रहती है। मुख्य सड़कों पर व्यवस्था सुधार के लिए पुलिस वाले नजर ही नहीं आते हैं।

### सोहागपुर में विशाल देवी जस प्रतियोगिता आज

**सोहागपुर।** नवरात्र पर्व की शुरुआत क्षेत्र में जस प्रतियोगिता के साथ हो रही है। प्रतियोगिता सोहागपुर स्थित पुराने थाने के पीछे बने मंच पर होगी। आयोजकों ने बताया कि 22 सितंबर रात आठ बजे प्रतियोगिता प्रारंभ होगी। जिसका प्रथम पुरस्कार 11001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 9001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 7001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 5001 रुपए, पंचम पुरस्कार 4001 रुपए, छठा पुरस्कार 3001 रुपए व सातवां पुरस्कार 2001 रुपए होगा। श्रेष्ठ गायक, श्रेष्ठ ढोलक मास्टर व सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। मंच संचालक जगदीश मास्साब लांघा बम्होरी तथा बबलू मेहरा हीरापुर होंगे। निर्णायक मंडल में सरदार सिंह पटेल बमारी, रेवक सिंह पटेल नकटुआ, हरिशंकर रघुवंशी सोहागपुर तथा बलराम कुशवाहा अजनेरी हैं। समापन पर विधायक विजयपाल सिंह व नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल पुरस्कार वितरित करेंगे।

## 'एक पंखा पितरों के नाम' अभियान से सोहागपुर में सरकारी स्कूलों की दशा सुधार के प्रयास सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



जिला नर्मदापुरम में डीपीसी डॉ. राजेश जायसवाल द्वारा एक पंखा पितरों के नाम अभियान प्रारम्भ किया गया है। जिसके तहत जनपद शिक्षा केंद्र सोहागपुर बीआरसी राकेश रघुवंशी, शासकीय कन्या शाला संकुल केंद्र प्रभारी सुनीता गढ़वाल, जनशिक्षक राजेश दीक्षित व अशोक गज्जाम द्वारा शिक्षकों तथा आमजनों को शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के सुविधार्थ सामग्री प्रदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नागरिकों की ओर से लगातार सहयोग भी किया जा रहा है।

### दी यह सामग्री

20 सितंबर 2025 को शिक्षक तरबर पटेल द्वारा एक दीवार घड़ी, महेन्द्र पटेल प्राथमिक शिक्षक द्वारा शू स्टैंड, गोविन्द ब्रम्हवंशी सहायक शिक्षक द्वारा सीलिंग फेन माध्यमिक शाला गुंदरई के लिये दिये गए हैं। एक निजी स्कूल से अनूप सोनी द्वारा नीमनमूड़ा सरकारी स्कूल के लिए एक बड़ी पेटी एवं पुस्तक रखने एक बड़ा कवर्ड दिया गया है। बद्रीप्रसाद वर्मा प्राथमिक शिक्षक द्वारा 20 लीटर की पानी की केन नीमनमूड़ा स्कूल में दी गई है। रमेश कुमार साहू द्वारा अपनी माता रेशम बाई की स्मृति में पंखे व एलईडी बल्ब प्राथमिक शाला गूजरखेड़ी में दिये गए हैं। जितेंद्र ब्रम्हवंशी शिक्षक व शिक्षक शकील खान ने मातापुरा स्कूल के लिये पंखे दिये हैं। राधेलाल पटेल ने माध्यमिक शाला गूजरखेड़ी में 20 लीटर पानी की केन दी है। सभी दानदाताओं का जनपद शिक्षा केंद्र सोहागपुर एवं शासकीय कन्या शाला जन शिक्षा केंद्र प्रबंधन ने आभार व्यक्त किया है।

## कांग्रेस खंडवा जिलाध्यक्ष ने की स्थानीय पार्टी नेताओं से भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जिला कांग्रेस कमेटी खंडवा की अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी शनिवार को सोहागपुर में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचीं। सोहागपुर में कांग्रेस के स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रतिभा रघुवंशी का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर रघुवंशी ने कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने की बात स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं से कही।

स्वागत करने वालों में पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, बीके शर्मा, शिरीष तिवारी, पार्षद मोहन कुशवाहा, नीरज चौधरी, सेवादल अध्यक्ष इरफान खान, प्रतीक तिवारी, कार्तिक शर्मा, रिषभ दीक्षित व अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## नवरात्रि पर्व को लेकर दिया गया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर विश्वहिंदू परिषद बजरंगदल द्वारा पुलिस थाने पहुंच कर ज्ञापन दिया है कि नवरात्री पर्व पर नगर की ट्रैफिक व्यंस्था दुरस्त रखी जाए.. सलकनपुर जाने पैदल जाने वाले भक्तो क़ो कोई परेशानी ना हो...खेड़ापति मंदिर.. काली मंदिर पर महिला पुलिस कर्मी की ड्यूटी लगाई जाए .. नगर के जिन पंडालो मे दुर्गा जी की प्रतिमा वराजी है उन पंडाल मेंअश्लील गाने ना बजे.. गरबा कार्यक्रम मे गैर हिन्दुओ क़ो प्रवेश ना मिले..रामलीला मंच मंगलवारा बाज़ार मे पुलिस व्यवस्था लगाई जाए ऐसे.. विभिन्न मुद्दों क़ो लेकर ज्ञापन थाना प्रभारी क़ो दिया है जिसमे विहिप अध्यक्ष दिनेश शर्मा बजरंगदल अध्यक्ष अमित मिश्रा.. उपाध्यक्ष इंद्रपाल जाट. बच्चू राजपूत..सागर प्रजापति.. अंकित यादव..विशाल यादव मौजूद।

## नौ दिवसीय भगवती की आराधना का आज से शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर में नवदुर्गा उत्सव की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकीह आठ स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित होगी जिसके लिए समितियां ने पंडाल सजा लिए हैं। आश्विन शुक्ल की प्रथम तिथि से घटस्थापना अखंड ज्योति के सथ नवदुर्गा उत्सव समितियां द्वारा देवी प्रतिमाएं स्थापित की जावेगी प्रतिमान सड़क के किनारे होने के कारण यातायात संभालने में पुलिस विभाग को भी काफी मशक्कत करना पड़ेगी।।

## स्टेट हाईवे किनारे लगा हैंडपंप खराब, सलकनपुर पदयात्रियों को राहत देता रहा है हैंडपंप

### नागरिकों ने विभाग से की सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नवरात्र पर्व दौरान हजारों की संख्या में देवीभक्त पैदल ही सलकनपुर जाते हैं। रास्ते में कई स्थानों पर पदयात्रियों को कुछ वे शासकीय हैंडपंप राहत देते हैं, जो स्टेट हाईवे किनारे लगे हैं। लेकिन इनमें से कुछ हैंडपंप खराब हैं, जिनके सुधार की मांग नागरिकों ने सोहागपुर ब्लॉक के प्रशासनिक मुखिया सहित संबंधित विभाग से की है। ग्राम किवलारी निवासी बलराम पटेल ने बताया कि उनके गांव का रास्ता स्टेट हाईवे से है। जहां लगा एक सरकारी हैंडपंप खराब है। पटेल ने बताया कि उक्त हैंडपंप के सुधार के लिए सरकारी एजेंसी को सूचित किया जा चुका है। चूंकि यह हैंडपंप ऐसे स्थान पर लगा है, जहां एक बड़ा निजी विद्यालय है, ग्रामों का रास्ता है तथा यहां से सैकड़ों नागरिक आते जाते हैं। अतः हैंडपंप का सुधार आवश्यक है। खासकर अब जब नवरात्र में सलकनपुर की ओर देवीभक्त पैदल जाएंगे तो हैंडपंप का सुधार भक्तों को बड़ी राहत दे सकता है।



## गणेश विसर्जन कुंड में मिट्टी भरना भूला प्रशासन, हो सकती है कोई दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



माखन नगर अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग ने सुरक्षित विसर्जन के लिए नर्मदा नदी चौकाघाट पर कृत्रिम कुंड बनाया था एवं सभी गणेश उत्सव समिति वालों को इसी कुंड में विसर्जन के लिए कहा गया था सभी लोगों ने प्रशासन का सहयोग करते हुए इसी कुंड में विसर्जन किया अनंत चतुर्दशी को नर्मदा नदी का जलस्तर बरगी एवं तवा बांध के गेट खुले होने के कारण बढ़ा हुआ था प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए कुंड में सुरक्षित विसर्जन तो करा दिया लेकिन दो दिन बाद नर्मदा नदी का जलस्तर कम हो गया कई प्रतिमाएं पूर्ण रूप से कुंड में पानी न होने के कारण टूटी फटी पड़ी हुई है पूर्ण रूप से विसर्जित नहीं हो पाई कुंड में अब पानी नहीं होने कई गणेश प्रतिमाओ का आधे से ज्यादा भाग वैसा का वैसा कुंड में दिखाई दे रहा है जिस दिन विसर्जन था नर्मदा नदी चौकाघाट पर एसडीम तहसीलदार थाना प्रभारी ने मौजूद रहकर व्यवस्थाएं संभाली लेकिन उसके बाद प्रशासन के किसी भी अधिकारी ने बनाए गए कुंड के बारे में जानकारी नहीं ली ना वहां कोई पहुंचा बनाया गया कुंड वैसे ही हालत में है उसमें अभी तक मिट्टी नहीं भरवाई गई है अब अगर फिर जल स्तर बढ़ता है तो अमावस्या पूर्णिमा एवं अन्य त्योहारों पर जो श्रद्धालु स्नान करने आते हैं उनके साथ कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है रविवार को पितृ मोक्ष अमावस्या पर चौकाघाट पहुंचे श्रद्धालु प्रशासन की लापरवाही से आहत दिखाई दिए विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि हिंदू धार्मिक त्योहार पर गंभीर रहे लापरवाही ना करें

### एक्सीलेंस स्कूल में अभाविप ने स्कूल प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक राष्ट्रवादी छात्र संगठन है, जो विद्यार्थियों के अधिकारों एवं समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहता है। इसी संदर्भ में अभाविप के नगर मंत्री खुशहाल मोटवानी के नेतृत्व में एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि एक्सीलेंस स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिनमें प्रमुख रूप से विद्यालय के बाथरूमों की स्थिति अत्यंत खराब है तथा साफ-सफाई नियमित रूप से नहीं की जाती। विद्यालय परिसर में समुचित सफाई व्यवस्था नहीं है। विद्यालय में खेलकूद का पर्याप्त सामान नहीं है, जिसके कारण विद्यार्थी खेल गतिविधियों से वंचित हैं तथा गेम्स पीरियड भी नियमित नहीं होते। विद्यालय परिसर में पार्किंग स्थल व छात्रा शौचालय की दीवार अधूरी है, जिससे छात्राओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा।

### कन्या महाविद्यालय में छात्राओं ने बिखेरी प्रतिभा



**सीहोर।** 14 सितम्बर से 20 सितंबर तक शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में हिंदी दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति सम्मान, गर्व और अभिरुचि का भाव जागृत करना था। प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन, कविता पाठ, प्रश्न मंच, वाद-विवाद तथा पोस्टर प्रतियोगिता शामिल रही। छात्राओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा में हिंदी साहित्य का योगदान, हिंदी भाषा का महत्व तथा भारतीय संस्कृति और हिंदी जैसे विषयों पर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के डॉ. राजेश बकोरिया ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी केवल भाषा ही नहीं, बल्कि हमारी पहचान और संस्कृति की धरोहर है, जिसे भारतीय ज्ञान परंपरा ने सदैव संरक्षित और समृद्ध किया है। हिंदी दिवस के इस पखवाड़े में भारतीय ज्ञान परंपरा में हिंदी साहित्य की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रितु मेवाड़ा तृतीय सेमेस्टर समाजशास्त्र ने प्रथम स्थान, आशा काजलिया बीए द्वितीय वर्ष में द्वितीय स्थान, आयुषी हरसोदिया बीए प्रथम वर्ष में तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी भाषा एवं साहित्य विषय पर प्रश्न मंच का आयोजन भी किया गया।

### हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबाः विश्वास की परंपरा

# इटारसी में पहली बार गरबा एंट्री पास के लिए मची होड़, ग्रैंड लॉन्चिंग हुई ग्रैंड सक्सेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



हरिभूमि समूह के एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा आयोजन अंतर्गत रविवार को प्रिंस पैराडाइज गार्डन एंड रिसॉर्ट खेड़ा में एंट्री पास की ग्रैंड लॉन्चिंग कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें जमकर भीड़ उमड़ी। हर उम्र का व्यक्ति हरिभूमि गरबा के एंट्री पास प्राप्त करने की होड़ में शामिल रहा। चौथे वर्ष में हरिभूमि फैमिली गरबा का आयोजन अविश्वसनीय प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका है। एंट्री पास प्राप्त करने आए लोगो से पूछा गया तो उनका कहना था कि इटारसी शहर में साल का सबसे बड़ा आयोजन हरिभूमि गरबा बन गया है और इस साल आने वाली गरबा प्रेमियों की संख्या ऐतिहासिक होने वाली है, जो आज तक शहर के किसी आयोजन में शामिल नहीं हुई है।

### पास का किया वितरण

रविवार को हरिभूमि की तरफ से 100 लोगो को फ्री एंट्री पास और 100 लोगो को फ्री फूड पास देने का कार्यक्रम रखा गया था लेकिन इटारसी के लोगों का हुजूम और हरिभूमि फैमिली गरबा के प्रति प्रेम देखकर हरिभूमि ने सभी करीब एक हजार से अधिक लोगों को फ्री एंट्री पास का वितरण किया। हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा के इवेंट ऑर्गनाइजर भूपेंद्र विश्वकर्मा का कहना है कि जो भी व्यक्ति इस वर्ष हरिभूमि गरबा में शामिल होना चाहता है वह जल्द से जल्द एंट्री पास लेकर रख ले, बिना एंट्री पास के इस वर्ष गरबा स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा। हरिभूमि गरबा के एंट्री पास हरिभूमि कार्यालय, नगरपालिका कॉम्प्लेक्स, लक्कड़गंज से सशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### हंडिया में प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर रविवार को हंडिया में खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि इस दौरान जय भोले नाश्ता, मामा होटल, लालू खत्री मिष्ठान, रिद्धेश्व किराना तथा बाबूजी किराना का निरीक्षण किया और अग्रवाल किराना से तेल और घी के सैंपल लिए। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान बाबा हिंडोल राज कलाकंद भण्डार से समोसा व कलाकंद के सैंपल तथा मां नर्मदा नमकीन मिठाई कार्नर से नमकीन का सैंपल लिए गये। श्री कांबले ने बताया कि सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जायेगा। जांच उपरांत रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएंगी। इस दौरान सभी दुकान के रजिस्ट्रेशन देखे गए। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले उपस्थित रहे।

### 24 घंटों में जिले में 11 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 11 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 33 मि.मी., टिमरनी में 22.4 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., सिराली में 0 मि.मी. तथा रहटगांव में 0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 1085.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 969.6 मि.मी., टिमरनी में 1227.5 मि.मी., खिरकिया में 1034.3 मि.मी., सिराली में 1110.9 तथा रहटगांव में 986.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 21 सितम्बर तक 1085.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### वरिष्ठों को उपकरण उपलब्ध कराने लगेंगे शिविर

**हरदा।** राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिये भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा जिले में 24 से 27 सितम्बर तक निकाय स्तर पर परीक्षण शिविर आयोजित किये जायेंगे। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग, कमलेश सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत 24 सितम्बर को जनपद पंचायत हरदा, 25 सितम्बर को जनपद पंचायत टिमरनी, 26 सितम्बर को जनपद पंचायत खिरकिया तथा 27 सितम्बर को नगर परिषद सिराली में शिविर आयोजित किये जायेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद को शिविरों के आयोजन के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### छात्रा ने अतिथि शिक्षक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**हरदा।** टिमरनी ब्लॉक के एक सरकारी स्कूल में अतिथि शिक्षक पर छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप है। पुलिस ने उसे पकड़कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया। बताया गया कि आठवीं कक्षा की छात्रा से टीचर ने छेड़छाड़ की थी। आरोपी शिक्षक सुदीप काशिव पिछले पांच सालों से स्कूल में कार्यरत था। घटना शुक्रवार शाम की है। एक शिक्षिका के टिमरनी जाने के दौरान आरोपी ने छात्रा को अपना मोबाइल लाने कमरे में भेजा। कमरे में जाते ही आरोपी ने छात्रा के साथ अश्लील हरकतें कीं। छात्रा ने यह बात पहले अपनी सहपाठियों को बताई फिर घर जाकर बड़ी बहन को बताया। पिता के देर रात लौटने के कारण अगली सुबह उन्हें घटना की जानकारी दी। इसके बाद पिता ने टिमरनी थाने में शिकायत दर्ज कराई।एसआई माया सरलाम के अनुसार आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74 व 78 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 9/10 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। डीईओ डीएस रघुवंशी ने आरोपी अतिथि शिक्षक को सेवा समाप्त कर दी हैं।

---

स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान में सहभागी बना निजी हॉस्पिटल

# नवरात्रि में हुआ बेटी का जन्म तो सोमानी हॉस्पिटल में नहीं देना पेमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने रविवार को नगर के निजी चिकित्सालय सोमानी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। इस दौरान हॉस्पिटल संचालक शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन सोमानी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रेरणा धमनानी अग्रवाल ने बताया कि नवरात्र के दौरान सोमानी हॉस्पिटल में बेटी का जन्म होने पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से प्रसव सेवाएं निशुल्क प्रदान की जावेंगी। परिवार में लाड़ली के आगमन पर यह सुविधा 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक निःशुल्क दी जावेगी। कलेक्टर जैन ने इस घोषणा की सराहना करते हुए इसे बेटियों के हित में लिया गया अच्छा प्रयास बताया, महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण हमारे परिवारों, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति का आधार है, बेटियों के लिए की गई। यह पहल स्वागत योग्य है, अन्य निजी अस्पतालों को भी इसका अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी.सिंह ने बताया कि हरदा जिले में स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान नवरात्र पर सोमानी हॉस्पिटल के द्वारा की गई इस घोषणा से समाज में अच्छा संदेश पहुँचेगा।

### डिलीवरी का पूरा खर्च पूरी तरह निशुल्क रहेगा

हॉस्पिटल के संचालक डॉ. पवन सोमानी ने बताया कि 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर (नवमी ) तक यदि किसी भी परिवार में कन्या का जन्म सोमानी हॉस्पिटल में होता है, तो उस डिलीवरी का पूरा खर्च पूरी तरह निशुल्क रहेगा। महिला चिकित्सक डॉ. प्रेरणा धमनानी अग्रवाल ने कहा कि "कन्या सिर्फ एक बेटी नहीं, वह माँ दुर्गा का ही स्वरूप है। हमारा यह छोटा-सा सेवा संकल्प है। चाहे नॉर्मल डिलेवरी हो या सी-सेक्शन, किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह योजना सभी जाति और धर्म की महिलाओं के लिए समान रूप से लागू होगी।

---

खेल और युवा कल्याण विभाग ने किया सेवा पखवाड़ा अभियान में आयोजन

# 'नमो' मैराथन, खिलाड़ियों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत रविवार को नमो मैराथन दौड़ का आयोजन किया। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि नमो मैराथन दौड़ का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी डी. एस. रघुवंशी, नगरपालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, बीजेपी महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता अग्रवाल, प्राचार्य संतोष यादव ने उपस्थित खिलाड़ियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर तथा हरि झंडी दिखा कर किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री गोयल ने संबोधित करते हुए कहा कि घर के आसपास के वातावरण को साफ रखें, जिससे मौसमी बीमारियों से बचा जा सके। जिले को साफ सुथरा रखना हम सभी का कर्तव्य है। रैली में 150 से अधिक बालक, बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। मैराथन में ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, व्यायाम शिक्षक राजेश बिलिया, बीजेपी महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पूजा शर्मा, महामंत्री प्रीती गहलोद सहित अन्य जनप्रतिनिधि व विद्यार्थी उपस्थित रहे। मैराथन में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर कन्या शाला की आनंदी सुनील, द्वितीय स्थान पर पूनम नेत्रराम तथा तृतीय स्थान पर पीहू संजय रही। इसी प्रकार बालक वर्ग में प्रथम स्थान उत्कृष्ट विद्यालय से करण सिंह राजपूत, दूसरा स्थान सूर्य प्रताप सुनानिया हाकी खिलाड़ी तथा तृतीय स्थान प्रहलाद राठौर ने प्राप्त किया।

### सेवा पखवाड़ा, विशेष शिविर आज

*हरदा। प्रदेश में 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 22 सितम्बर को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि विशेष शिविरों का आयोजन प्रातः 10 बजे से जिला चिकित्सालय हरदा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टिमरनी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हंडिया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खिरकिया में आयोजित किया जाएगा। जिला चिकित्सालय में आयोजित शिविर के लिये नेत्र चिकित्सक डॉ. भरत यादव, नेत्र सहायक दीक्षा काशिव, नर्सिंग ऑफिसर सीमा काशिव, नर्सिंग ऑफिसर अर्चना कुम्हारे तथा डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पुष्पक धनगर को दायित्व सौंपे गये हैं। इसी प्रकार टिमरनी में आयोजित शिविर के लिये नेत्र सहायक आर.के. साहू, हंडिया के लिये नेत्र सहायक आर.एस. कटारे तथा खिरकिया के लिये नेत्र सहायक सतवीर सिंह सोलंकी को दायित्व सौंपे गये है। शिविर में चिन्हित महिलाओं एवं बालिकाओं का मोतियाबिन्द ऑपरेशन जिला चिकित्सालय हरदा में 2 अक्टूबर को नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा।*

### पीएमश्री एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मैराथन नमो का आयोजन

*खिरकिया । पीएम श्री एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया में मैराथन नमो का आयोजन किया गया। सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी हरदा देवेंद्र सिंह रघुवंशी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी खिरकिया प्रदीप रिछारिया संकुल प्रभारी प्राचार्य रचना राय के निर्देशानुसार आज रविवार को विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को स्पोर्ट्स डे मिनी इवेंट आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत की थीम पर मैराथन नमो के अंतर्गत छोटे-छोटे खेल प्रतियोगिता अंतर्गत 50 मीटर 100 मीटर 500 मीटर दौड़ कराई गई जिसमें 50 मीटर दौड़ में पूजा जगदीश प्रथम खुशी मान्तुलाल द्वितीय रागिनी मुकेश तृतीय स्थान एवं 100 मीटर दौड़ में रागिनी मुकेश प्रथम पूजा जगदीश द्वितीय हर्षिता लक्ष्मी नारायण तृतीय स्थान प्राप्त किया 500 मीटर दौड़ में खुशी मान्तुलाल प्रथम भावना अनार सिंह द्वितीय नंदनी लक्ष्मी नारायण तृतीय स्थान प्राप्त किया संकुल प्रभारी प्राचार्य रचना राय के निर्देशानुसार खेल गतिविधियां करने हेतु सुनील सोंधिया नितिन राठौर निर्मला चौधरी आदि खेल शिक्षक उपस्थित थे।*



---

बिजली तार चोर चार गिरफ्तार

# लोडिंग वाहन सहित 9 लाख की सामग्री पुलिस ने की जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बिजली के तारों की चोरी के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी।

विद्युत मंडल कंपनी के सहायक प्रबंधक अरुण कुमार चंदेले की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। 11 से 18 सितंबर के बीच खामापडवा-केलनपुर मार्ग पर 26 खंभों से 11 केवी लाइन के तार चोरी हुए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच में एक टाटा छोटा हाथी वाहन की पहचान की। वाहन के आधार पर ड्रीमलैंड कॉलोनी निवासी आदिल रजा खान को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपने साथियों धीरेंद्र उर्फ धीरु नागले, अजीम खान और समीर खान के साथ तार चोरी करना स्वीकार किया। गैंग का सरगना धीरेंद्र नागले पहले विद्युत पोल लगाने वाली कंपनी में पेटी कांट्रेक्टर था। उसे 25 फीट ऊंचे पोल पर चढ़ने का अनुभव था। पुलिस ने अजीम खान के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित गोदाम और नाले के किनारे से चोरी के तार बरामद किए। आरोपियों से बिजली के तारों के 10 बंडल (लगभग 4 लाख रुपए), एक लोडिंग वाहन और दो मोटरसाइकिल (लगभग 5 लाख रुपए) बरामद किए गए हैं। कुल बरामदगी की कीमत 9 लाख रुपए है। धीरेंद्र नागले और आदिल रजा खान को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ से क्षेत्र में हुई अन्य चोरियों का भी खुलासा हो सकता।

### जन्म, मरण और परण महादेव के हाथ में है : पं. प्रदीप मिश्रा

*सीहोर। तुम्हारे दुख की घड़ी में भोले बाबा हमेशा खड़ा रहेगा। तुम्हारा कष्ट तुम्हें सहना है, कोई दूसरा नहीं सहेगा। परिवार वाले आएंगे, केवल शंकर जी को जल चढ़ाया है तो नंदी ही तुम्हारा दर्द बाटेंगे। देवाधिदेव महादेव पृथ्वी पर रहते हैं, वह तुम्हारे पास आएंगे तुम्हारा दुख हरने के लिए, लेकिन उसके लिए तुम्हें उन्हें दिल से पुकारना होगा। शिव महापुराण की कथा कहती है, जन्म, मरण और परण महादेव के हाथ में है। उक्त विचार जिला मुख्यालय कुबेरेश्वरधाम पर जारी आन लाइन शिव महापुराण के चौथे दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे।*

---

## मातृभाषा से विमुख होते युवा हमारी चिंता का विषयः डॉ कुलदीपसिंह फरे



**खंडवा।** पीएम श्री नीलकंठेश्वर महाविद्यालय में निराला सृजन पीठ भोपाल के तत्वावधान में विमर्श एवं काव्य पाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय समन्वयक गोविंद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के पहले सत्र विमर्श में बीज वक्तव्य डॉ कुलदीपसिंह फरे ने दिया। उन्होंने भाषा, बोली और उपबोलियों के अंतर्संबंधों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं के जुड़ाव की आवश्यकता बताई। साथ ही बोलियों की ध्वन्यातमकता और उच्चारण की सरलता की व्याख्या की।

उन्होंने कहा कि अपनी मातृभाषा में व्यक्ति बेहतर अभिव्यक्ति दे सकता है, इस बात को युवा समझें। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। महाविद्यालय की छात्राओं पूजा सोनवाने और सलोनी काजले ने माँ सरस्वती की आराधना की। अतिथियों का स्वागत ऑक्सीजन पौधों के नन्हे गमलों से किया गया। निराला सृजन पीठ भोपाल की निदेशक डॉ साधना बलवटे ने स्वागत उदबोधन में युवाओं से मातृभाषा विमर्श में सहभागिता के लिए आगे आने का आव्हान किया। उन्होंने निमाड़ जनपद की समृद्ध भाषा परंपरा और साहित्य मनीषियों को याद किया तथा भरोसा दिलाया कि निराला सृजन पीठ ऐसे आयोजन करता रहेगा। मुख्य अतिथि ललित निबंधकार गोविंद गुंजन ने भाषाओं की बारीकियों और बोलियों की विविधता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति और ऊर्जा का प्रतीक हैं और भाषाओं को जीवित रखने का सामर्थ्य उनके ही हाथों में है। द्वितीय सत्र में काव्य पाठ हुआ जिसमें महाविद्यालय की प्रीति सेन, जागृति, विजया लक्ष्मी, सुभाष निगवाल और नीलेश बोर्ड ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। आमंत्रित रचनाकारों में सुधीर देशपांडे, राजश्री शर्मा, प्रवीण अत्रे, वीरेंद्र चौरे, संतोष तिवारी और रघुवीर शर्मा ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने किया और अंत में आभार डॉ साधना बलवटे ने व्यक्त किया। शरद जैन, श्याम सुंदर तिवारी, मनोज जोशी, प्रीति तिवारी, हर्षा शर्मा आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग साले की हत्या करने वाला आरोपी जीजा गिरफ्तार



**खंडवा।** सिहाड़ा थाना क्षेत्र के मांग मोहल्ले में शनिवार रात घरेलू विवाद के चलते एक युवक की हत्या हो गई। आरोपी गणेश पिता सुनील शिंदे ने अपने दिव्यांग साले मनीष चांगरे पर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार गणेश और उसकी पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार रात दोनों के बीच तीखी बहस हुई। गुस्से में गणेश अपने साले मनीष के घर पहुंच गया और चाकू से उस पर हमला कर दिया। उसने गले पर पांच और सीने पर दो वार किए। गंभीर चोट लगने से नसें फट गईं और अधिक खून बहने से मनीष की मौके पर ही मौत हो गई। परिजन घायल मनीष को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी ममता चांगरे की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गणेश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने रामेश्वर चौकी प्रभारी सिहाड़ा के नेतृत्व में रेलवे ट्रैक से लेकर तलवड़िया और खंडवा तक सर्चिंग की। देर रात आरोपी को गांधीनगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच जारी है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान की समीक्षा की

## श्रमदान, रक्तदान शिविर, पौधरोपण होंगे

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने रविवार को अधिकारियों की बैठक लेकर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान की गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई बैठक में जिला पंचायत के सीईओ नागार्जुन बी. गौड़ा सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यानिकी, उच्च शिक्षा, जनजातीय कार्य, सामाजिक न्याय और वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में आदि कर्मयोगी अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत शासन द्वारा निर्धारित कैलेंडर अनुसार स्वच्छता के लिए श्रमदान, पौधरोपण और रक्तदान शिविर जैसी गतिविधियां प्रतिदिन आयोजित की जाएं। इन गतिविधियों की जानकारी और फोटो नियमित रूप से पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए। नगर निगम आयुक्त प्रियंका



राजावत ने बताया कि 25 सितंबर को नगर निगम चौराहे पर श्रमदान और साफ-सफाई का कार्यक्रम होगा, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे। जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन गौड़ा ने जानकारी दी कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ग्राम पंचायत प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसके विजेताओं को 2 अक्टूबर को पुरस्कार दिए जाएंगे।


### एक पौधा मां के नाम अभियान में पौधारोपण चल रहा

*वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम चल रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओ.पी. जुगतावत ने कहा कि जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रक्तदान शिविर हो रहे हैं। ॰स्वस्थ नारी सशक्त परिवार॰ अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार के लिए स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि एनसीसी और एनएसएस विद्यार्थी सेवा पखवाड़े में जागरूकता गतिविधियां कर रहे हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कॉलेज के विद्यार्थी शहर के वार्डों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करें और नागरिकों को रक्तदान, पौधारोपण और स्वच्छता के महत्व के प्रति प्रेरित करें।*

---

सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या

## गणेश गोशाला में निशुल्क तर्पण कार्यक्रम, नगरजन हुए शामिल



**खंडवा।** सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर श्री गणेश गोशाला में निशुल्क तर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्वान पंडित चंद्रशेखर शर्मा के सानिध्य में संपन्न इस कार्यक्रम में 30 से अधिक परिजनों ने अपने पूर्वजों की मुक्ति और मोक्ष के लिए तर्पण कर्म किया। इस अवसर पर पंडित चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि गौ माता समस्त पाप से मुक्त करती हैं और उनकी पावन सन्निधि में किया गया तर्पण कार्य आत्माओं को मुक्ति एवं मोक्ष प्रदान करता है और उन्हें आवागमन के बंधनों से मुक्त करवाता है। कार्यक्रम हेतु श्री गणेश गोशाला की ओर से समस्त सामग्री की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। आयोजन में समिति के अध्यक्ष राकेश बंसल, सचिव रामचंद्र मौर्य, भूपेन्द्र सिंह चौहान, अखिलेश गुप्ता, आशीष चटकेले, पंडित उमेश डोरवाल, चंद्रकांत तिवारी, रामगोपाल शर्मा, नानू बाबा, मयूर सात, अखिलेश परदेसी, पंकज अग्रवाल, राकेश मालवीय, मंगलेश शर्मा, सर्वेश राठौर, मनोज यादव, मंगलेश तोमर, रितेश चौहान, संजय दुबे, ओमप्रकाश दशोरे, कैलाश पटेल आदि शामिल रहे।


चिकित्सक ने कहा, डॉक्टर की टीम बढ़ना चाहिए

# भगवान भरोसे सरकारी अस्पताल, मरीज हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

तहसील क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था खराब होने से मरीज परेशान हो रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार ही नहीं मिल पा रहा है। दरअसल रहटगांव एक तहसील है यहां पर तहसील से सैकड़ो की संख्या में ग्राम जुड़े हुए हैं। आसपास दर्जनों ग्रामों के लोगों का स्वास्थ्य संबंधी समस्या के लिए एकमात्र सहारा रहटगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है। जो वर्तमान में अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है।

इस अस्पताल में न कोई स्वास्थ्य कर्मचारी समय पर मिलता है। न हीं मरीज को समय पर इलाज मिल पा रहा है। युवा वाहिनी गौर समाज के जिला अध्यक्ष संतोष गौर सहित ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचे तो पूरा अस्पताल खाली पड़ा हुआ था। युवा वाहिनी के



कार्यकर्ता बबलू गौर, राजेंद्र गौर, विजय गौर, अमित गौर ने बताया कि विगत दिनों ग्राम के ग्रामीण दिनेश गौर को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रहटगांव लाया गया था। यहां कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं था, न हीं कोई एंबुलेंस मिल पाई। अस्पताल में प्राथमिक उपचार नहीं मिलने के कारण उसे टिमरनी ले जाया गया। जहां उसका उपचार के दौरान मौत हो गई ,अगर समय पर तहसील स्तर का अस्पताल होने के बाद भी प्रभारी डॉक्टर स्टाफ नहीं मिल पाते हैं तो बड़ी घटनाएं घट रही हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी है। पर डॉक्टर मौजूद नहीं है सर्दी जुकाम, उल्टी दस्त, के मरीज कहां जाएं वायरल बुखार चल रहा है। मरीज अस्पताल पहुंचते हैं। पर इलाज नहीं होता इस अस्पताल को कई अवार्ड मिल चुके हैं, पर व्यवस्थाएं जीरो है। रविवार को एक्सीडेंट के दौरान भर्ती हुए राकेश गौर ने बताया कि दर्द से चिल्लाता रहा, पर मरहम पट्टी करने कोई नहीं मिला। काफी देर बाद एक कर्मचारी आया। ग्रामीणों की मांग है कि अस्पताल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा मिलना चाहिए।, यहां पर प्रभारी डॉक्टर की नियुक्ति शीघ्र होना चाहिए। अस्पताल में जो भी स्टॉप है वह सही समय पर मौजूद होना चाहिए, मालूम होना चाहिए कि यहां पर पहले एक डॉक्टर हर्ष पटेल मौजूद थे, जिनका ट्रांसफर हो चुका है। अब कोई भी प्रभारी डॉक्टर नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बारे में रविवार को युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष संतोष गौर एवं ग्रामीणों द्वारा उच्च अधिकारी को फोन पर बात करने के बाद कुछ देर के लिए टिमरनी से डॉक्टर केसरी प्रसाद को भिजवाया उन्होंने वहां मौजूद मरीज का इलाज भी किया। इस दौरान डॉक्टर केसरी प्रसाद सूर्यानश से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि शायद इस अस्पताल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा मिल चुका है, यहां पर डॉक्टर प्रभारी डॉक्टर सहित डॉक्टर की टीम बढ़ना चाहिए। अस्पताल में व्यवस्था में अन्य स्टाफ भी बढ़ना चाहिए।